गुरुवार
28 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 108 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com


# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजगीर में शाही स्नान संपन्न, सीसीटीवी से हुई पल-पल की निगरानी





संजय कुमार/अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 के अवसर पर बुधवार को साधु-संतों का शाही स्नान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी।

शाही स्नान को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी लगातार नियंत्रण कक्ष से पूरे मेला क्षेत्र की मॉनिटरिंग करते रहे। मेला क्षेत्र में लगाए गए अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई। नियंत्रण कक्ष से चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई थी ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

राजकीय राजगीर मलमास मेला देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मलमास के दौरान राजगीर के विभिन्न कुंडों एवं सरोवरों में स्नान का विशेष महत्व है। शाही स्नान के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के राजगीर पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा एवं सुविधा के विशेष इंतजाम किए थे।

जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रही। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक की सहायता से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की गई और हर परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार था।

वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि भीड़ प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र के प्रमुख प्रवेश एवं निकास द्वारों, स्नान घाटों, मंदिर परिसरों, पार्किंग स्थलों तथा संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल को भी विशेष रूप से लगाया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई थी। विभिन्न मार्गों पर दंडाधिकारी एवं




पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि जाम एवं अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए थे।

मेला क्षेत्र में बैरिकेडिंग, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, सूचना केंद्र, सहायता शिविर एवं खोया-पाया केंद्र सक्रिय रूप से कार्य करते रहे। स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत किया गया था। अस्थायी स्वास्थ्य शिविर, एम्बुलेंस तथा चिकित्सा दल को अलर्ट मोड में रखा गया था। अग्निशमन विभाग की टीम भी आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात रही।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के राजगीर पहुंचने से पूरे मेला क्षेत्र में उत्साह एवं भक्ति का माहौल बना रहा। प्रशासन ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध अतिक्रमण हटाने को नालंदा प्रशासन ने बनाई विशेष रणनीति



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा, अवैध अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग नियंत्रण को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन विभाग एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध अतिक्रमण, अवैध पार्किंग एवं अनधिकृत गतिविधियाँ सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, जिन्हें किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने 12 सदस्यीय "संयुक्त समर्पित राजमार्ग निगरानी दल" के गठन की जानकारी देते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा क्षेत्र में बिना NHAI एवं PWD की अनुमति कोई भी लाइसेंस, एनओसी या व्यापारिक अनुमति जारी नहीं होगी। पूर्व में जारी सभी अनुमतियों की 30 दिनों के भीतर समीक्षा की जाएगी। साथ ही 60 दिनों के भीतर राजमार्ग किनारे स्थित अवैध संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों को अवैध प्रवेश-निकास मार्गों की पहचान, अनधिकृत प्रतिष्ठानों की जांच, नियमित निगरानी अभियान चलाने तथा विभागीय समन्वय के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निगरानी दल प्रत्येक माह निरीक्षण प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी कार्यालय को सौंपेगा तथा प्रत्येक पखवाड़े समीक्षा बैठक आयोजित होगी। बैठक में अपर समाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं National Highways Authority of India के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बकरीद पर्व पर नालंदा प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ईद-उल-अदहा (बकरीद) 2026 पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 28 मई से 30 मई तक मनाए जाने वाले पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी अधिकारियों को समय पर तैयारी पूरी करने का निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से भाईचारे एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों एवं सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

नालंदा समाहरणालय में 28 से 30 मई तक जिला नियंत्रण कक्ष संचालित रहेगा, जिसका



टॉल-फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात रहेंगे। बिहारशरीफ नगर क्षेत्र को 11 भागों में विभाजित कर वाहन एवं पैदल गश्ती दल की व्यवस्था की गई है। सभी गश्ती वाहनों में वायरलेस सेट उपलब्ध रहेगा।

मुख्य मस्जिदों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी, फ्लैग मार्च, वीडियोग्राफी तथा अग्निशमन इकाइयों की तैनाती की जाएगी। प्रशासन ने शरारती एवं सांप्रदायिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बैठक में नगर आयुक्त सहित जिला शांति समिति के सदस्य एवं कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# बकरीद पर्व पर नालंदा प्रशासन सतर्क, शांति व्यवस्था हेतु व्यापक सुरक्षा तैयारी




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ईद-उल-अदहा (बकरीद) 2026 पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 28 मई से 30 मई 2026 तक मनाए जाने वाले बकरीद पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को नियमित फ्लैग मार्च करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण कायम रहेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को गश्ती बढ़ाने, त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल नियंत्रण स्थापित करने का निर्देश दिया।

बैठक में बताया गया कि 28 मई से 30 मई तक नालंदा समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित रहेगा। नियंत्रण कक्ष का टॉल-फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। प्रशासन ने असामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। बैठक में नगर आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कब्रिस्तान जमीन विवाद में 34 लोगों को नोटिस, रहुई अंचल कार्यालय में हड़कंप



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड के भंडारी गांव में गैर मजरूआ आम कब्रिस्तान की जमीन को लेकर विवाद गहरा गया है। अतिक्रमण के आरोप में 34 लोगों को अंचलाधिकारी द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद बुधवार को सभी लोग रहुई अंचल कार्यालय पहुंचे। मामले को लेकर दिनभर अंचल कार्यालय में गहमागहमी का माहौल बना रहा।नोटिस में संबंधित लोगों को भूमि स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज एवं साक्ष्य के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। ग्रामीण घंटों तक कार्यालय में इंतजार करने के बाद अंचलाधिकारी से मिले और अपनी बात रखी।ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बाबा-परदादा के समय से उक्त जमीन पर रह रहे हैं और आज तक कभी किसी प्रकार का विवादनहीं हुआ। अचानक अतिक्रमण का नोटिस मिलने से वे मानसिक रूप से परेशान हैं। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे दलित समाज से आते हैं और उन्हें विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है।

वहीं अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि 34 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस मिलने के बाद सभी संबंधित लोग कार्यालय पहुंचे हैं तथा उनसे जमीन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में इस मामले को लेकर चर्चा तेज है और लोगों की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।









# बकरीद को लेकर बिहारशरीफ में प्रशासन सतर्क, शांति संदेश के साथ फ्लैग मार्च




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ईद-उल-अदहा (बकरीद) 2026 पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के नेतृत्व में बिहारशरीफ शहरी क्षेत्रों में संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से शांति, आपसी भाईचारे एवं सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि जिलेभर में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बताया गया कि इस वर्ष ईद-उल-अदहा (बकरीद) का पर्व 28 मई से 30 मई 2026 तक मनाए जाने की संभावना है। इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, लगातार गश्ती एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।फ्लैग मार्च में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की सक्रियता साफ दिखाई दी।

# मलमास मेले में श्रद्धालुओं की सेवा हेतु नि:शुल्क शर्बत वितरण बना आकर्षण का केंद्र




राजेश कुमार गौतम

नालंदा (अपना नालंदा)। पुरुषोत्तम मास (मलमास मेला) की एकादशी तिथि पर आयोजित शाही स्नान के अवसर पर राजगीर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से श्रवण चाय दुकान एवं बाबा ग्रुप द्वारा नि:शुल्क शर्बत वितरण का आयोजन किया गया, जो पूरे मेले में चर्चा का विषय बना रहा।


सुबह से ही सेवा कार्य में जुटे युवाओं ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उन्हें शर्बत पिलाया। गर्मी से परेशान श्रद्धालुओं को इस पहल से काफी राहत मिली। मेले में पहुंचे लोगों ने इस सामाजिक एवं धार्मिक सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सहूलियत साबित होते हैं।बाबा ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में इसी तरह सेवा कार्य जारी रखा जाएगा। वहीं श्रवण चाय दुकान के संचालक रंजीत कुमार उर्फ टुन्ना बाबा अपने सामाजिक कार्यों को लेकर क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। उनकी दुकान पर वर्षों से लगा बोर्ड लोगों का ध्यान आकर्षित करता है, जिसमें जन्म से 18 माह तक के बच्चों को नि:शुल्क दूध उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार टुन्ना बाबा की दुकान से कोई भी जरूरतमंद खाली हाथ नहीं लौटता। जरूरतमंद परिवारों को बच्चों के लिए दूध भी उपलब्ध कराया जाता है। लोगों ने बताया कि टुन्ना बाबा सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ धार्मिक विचारधारा के व्यक्ति हैं और राजगीर मलमास मेले में श्रद्धालुओं की सेवा में पूरी निष्ठा से जुटे रहते हैं।









# सैदनपुर गांव में छत से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती कराया गया



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव में बुधवार दोपहर छत से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

घायल युवक की पहचान सैदनपुर गांव निवासी 23 वर्षीय लक्ष्मण कुमार के रूप में की गई है। वह इंद्रदेव बिंद के पुत्र बताए जाते हैं। परिजनों के अनुसार लक्ष्मण कुमार घर की छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया, जिससे वह छत से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों के सहयोग से युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों द्वारा घायल युवक का इलाज किया जा रहा है।परिजनों ने बताया कि युवक के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। फिलहाल उसकी स्थिति पर डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं। घटना के बाद गांव में लोगों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है।

# मुबारकपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान कई लोगों को चोटें आईं। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुबारकपुर गांव निवासी पंकज रजक, पिता मनोज रजक तथा मनोज रजक, पिता नबालीक रजक को गिरफ्तार कर लिया।

# नालंदा कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई पंडित नेहरू की पुण्यतिथि



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को राजेंद्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय, बिहारशरीफ में भारत रत्न एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में विवेक कुमार सिन्हा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का देश की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी और देश को विकास, लोकतंत्र एवं वैज्ञानिक सोच की नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि नेहरू जी का राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, औद्योगिक विकास और देश की एकता-अखंडता के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।




नेताओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर प्रभारी मिहिर झा, जितेंद्र नाथ पटेल, मंजू कुमारी, जमील अशरफ जमाली, हैदर आलम, बच्चन पांडे, राजेश रंजन सिंह, इंजीनियर टीपू, डॉ. अवधेश प्रसाद, इमरान खान, सोनू, अजीत राज, मुकेश कुमार, विवेक पासवान एवं डॉ. अवधेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ।






# राजगीर मलमास मेला : महंत ब्रजेश मुनि की अगुआई में साधु-संतों ने किया दूसरा शाही स्नान, प्रशासन रहा मुस्तैद



चितरंजन कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर में आयोजित मलमास मेला के दूसरे शाही स्नान का आयोजन बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में सम्पन्न हुआ। शाही स्नान को लेकर अनुमंडल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। अनुमंडल दंडाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों ने साधु-संतों के स्नान की विशेष व्यवस्था की। शाही स्नान में महंत ब्रजेश मुनि की अगुआई में संत अशोक दास हंस, महंत धर्मदेव दास, संत दिवाकर दास, महंत गजेंद्र दास, सरदार त्रिलोक सिंह निषाद, साध्वी रूबी, साधना किरण, नैन्सी समेत शताधिक साधु-संत शामिल हुए। प्रशासन द्वारा सर्वप्रथम गुरु नानक देव निर्मित शीतल कुंड में संतों को शाही स्नान कराया गया। इसके बाद सूर्यकुंड और फिर ब्रह्मकुंड में स्नान सम्पन्न कराया गया। महंत ब्रजेश मुनि ने बताया कि शाही स्नान के दौरान केवल साधु-संतों के लिए कुंडों में स्नान की व्यवस्था की गई थी। शाही स्नान सम्पन्न होने के बाद आम श्रद्धालुओं को स्नान की अनुमति दी गई। उन्होंने अनुमंडल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहली बार राजगीर मलमास मेला में कबीरपंथी साधु-संतों को प्राथमिकता देते हुए सबसे पहले शाही स्नान कराया गया, जो सर्वधर्म समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। महंत ब्रजेश मुनि ने कहा कि राजगीर सर्वधर्म समन्वय का पुण्य तीर्थ है और यहां आठ कबीर मठ स्थित हैं, जो किसी छोटे शहर में सर्वाधिक कबीर मठ होने का कीर्तिमान है। उन्होंने बताया कि मलमास मेला अवधि में सभी कबीर मठों में अन्नक्षेत्र, आवासन, सत्संग एवं शिविर जैसे सेवा प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि निचली बाजार स्थित मूलगादी कबीरपंथी आश्रम राजगीर का एकमात्र ऐसा मठ है, जहां प्राचीन पांडुलिपियां संरक्षित हैं। मठ के संरक्षक के रूप में उन्होंने सभी कबीरपंथी मठों के बीच समन्वय स्थापित करने और उन्हें सार्वजनिक हित में और अधिक उपयोगी बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

शाही स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। विभिन्न कुंडों के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी ताकि श्रद्धालुओं एवं संतों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पूरे आयोजन में श्रद्धा, अनुशासन और धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# राजगीर अस्पताल में निष्क्रिय रोगी कल्याण समिति से बढ़ीं मरीजों की परेशानियां लगातार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर अस्पताल में वर्षों से रोगी कल्याण समिति का पुनर्गठन नहीं होने के कारण मरीजों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। समिति के कई पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जबकि कुछ सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है और कई सदस्य समिति से अलग हो चुके हैं। ऐसे में अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं की निगरानी करने वाला कोई प्रभावी तंत्र नहीं बचा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि समिति के निष्क्रिय होने से अस्पताल प्रशासन में मनमानी बढ़ गई है। मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति तथा साफ-सफाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कोई प्रभावी निगरानी नहीं हो रही है।


रोगी कल्याण समिति के सदस्य नागेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य अस्पताल प्रशासन और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करना था। समिति अस्पताल कीकार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने एवं मरीजों की शिकायतों का समाधान करने के लिए बनाई गई थी, लेकिन इसके निष्क्रिय होने से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

उन्होंने बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से रोगी कल्याण समिति का अविलंब पुनर्गठन करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी जिला प्रशासन से जल्द नई समिति गठित करने की अपील की है, ताकि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार हो सके और मरीजों को



बेहतर इलाज एवं सुविधाएं मिल सकें।

गौरतलब है कि रोगी कल्याण समिति में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल होते हैं, जो अस्पताल प्रबंधन और जनसहभागिता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं






# जनजातीय छात्रवृत्ति से लाखों विद्यार्थियों को मिला शिक्षा और विकास का नया अवसर



जेपी चौधरी

पटना(अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' के अंतर्गत 'बिरसा लिब्स इन न्यू भारत' थीम पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के माध्यम से वंचित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर यह कार्यक्रम ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत इस वर्ष 20 लाख 46 हजार छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया , जिनमें 1 लाख 41 हजार अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लगभग 1 लाख 4 हजार छात्र-छात्राओं को लाभ मिला, जिनमें 4 हजार 155 अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में वन क्षेत्र बढ़ाने, एकलव्य विद्यालय खोलने, मॉडल स्कूल और डिग्री कॉलेज स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने पश्चिम चंपारण के थरूहट विकास योजना, कैमूर के अधौरा में डिग्री कॉलेज, वाल्मीकिनगर और कैमूर में हेलीपोर्ट निर्माण तथा इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में कई मंत्रियों, अधिकारियों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# शिलांग में बिहारी हितों की आवाज उठी, बिहार भवन और सीधी उड़ान की मांग



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। डॉ. प्रेम कुमार ने अपनी शिलांग यात्रा के दौरान बिहारी कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद यादव ने संगठन की ओर से एक ज्ञापन सौंपते हुए प्रवासी बिहारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वोत्तर भारत में रहने वाले बिहार के लोगों की सुविधा के लिए गुवाहाटी और पटना के बीच प्रतिदिन सीधी हवाई सेवा शुरू करने की मांग रखी। इसके अलावा शिलांग में 'बिहार भवन' की स्थापना का प्रस्ताव भी दिया गया, ताकि बिहार से आने वाले छात्रों, मरीजों और अन्य आगंतुकों को ठहरने एवं सहायता की बेहतर सुविधा मिल सके।बैठक में मेघालय के प्रतिष्ठित अस्पतालों को बिहार सरकार के चिकित्सा पैनल में शामिल करने की मांग भी उठाई गई, जिससे बिहार के सरकारी कर्मियों और नागरिकों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके। साथ ही मेघालय में रह रहे बिहारी उद्यमियों ने बिहार में निवेश के लिए राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी मांगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीर बताते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों और अधिकारियों के समक्ष इन विषयों को उठाकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# मोदी नेतृत्व में बारह वर्षों में विकास, सेवा और सुशासन को मिली नई गति




जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि यह कालखंड सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और नए भारत के निर्माण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।संजय सरावगी ने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ केंद्र सरकार ने योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीबों को पक्का घर मिला, उज्ज्वला योजना से महिलाओंको धुएं से मुक्ति मिली तथा आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। वहीं जनधन योजना ने आर्थिक समावेशन को नई दिशा दी।

उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश में राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, एयरपोर्ट, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हुआ है। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति मजबूत हुई है और वैश्विक मंचों पर देश का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बिहार को भी सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में विशेष लाभ मिला है। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को सफल 12 वर्षों के लिए बधाई दी।

# खादी ने रचा नया इतिहास, 12 वर्षों में बिक्री 5 गुना बढ़ी



पटना (अपना नालंदा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेतृत्व और मार्गदर्शन में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने पिछले 12 वर्षों में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 1.87 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई, जो अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यह उपलब्धि ग्रामीण भारत में बढ़ती उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत प्रमाण है।

'आत्मनिर्भर भारत', 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' जैसे अभियानों ने खादी को नई पहचान दी है। अब खादी केवल पारंपरिक वस्त्र नहीं रह गई, बल्कि यह नए भारत की स्वदेशी भावना, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण समृद्धि का प्रतीक बन चुकी है। उत्पादन, विपणन और रोजगार सृजन के क्षेत्र में लगातार नए रिकॉर्ड बनाते हुए खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है।

नई दिल्ली स्थित गांधी दर्शन, राजघाट में वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम आंकड़े जारी करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष Manoj Kumar ने बताया कि वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 501 प्रतिशत, उत्पादन में 380 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का कुल उत्पादन 26,109 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1,25,296 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

खादी वस्त्रों के उत्पादन और बिक्री में भी अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली है। वर्ष 2013-14 में जहां खादी वस्त्रों का उत्पादन 811 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 3,974 करोड़ रुपये हो गया। इसी प्रकार बिक्री 1,081 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,869 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। प्रधानमंत्री द्वारा खादी के लगातार प्रचार-प्रसार का सकारात्मक प्रभाव देशभर में इसकी बढ़ती लोकप्रियता और बाजार विस्तार के रूप में दिखाई दे रहा है।ग्रामोद्योग क्षेत्र ने भी नई ऊंचाइयों को छुआ है। वर्ष 2013-14 में ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन 25,298 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1,21,322 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं बिक्री 30,073 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,79,236 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।केवीआईसी अध्यक्ष ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रपिता Mahatma Gandhi की प्रेरणा तथा देश के करोड़ों ग्रामीण कारीगरों की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र का यह मजबूत प्रदर्शन 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को गति देने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# जहानाबाद में अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस का विशेष होटल चेकिंग अभियान तेज हुआ



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान के निर्देशन में 26/27 मई 2026 की मध्य रात्रि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ "विशेष रैंडम होटल चेकिंग अभियान" चलाया गया।

अभियान के दौरान खुद पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार पांडेय तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं घोसी ने विभिन्न होटलों, लॉज एवं ढाबों में पहुंचकर सघन जांच अभियान का नेतृत्व किया। पुलिस टीम ने होटल के कमरों, एंट्री रजिस्टरों तथा वहां ठहरे लोगों के पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की। पुलिस अधिकारियों ने होटल एवं ढाबा संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा बिना पहचान पत्र के ठहरने वालों की सूचना तत्काल स्थानीय थाना को दें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस तरह के विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

अभियान के दौरान कई स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों की जांच की गई और पुलिस ने आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# सहयोग शिविर की तैयारी जांचने विभिन्न पंचायतों में पहुंचीं जिलाधिकारी



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आगामी 2 जून 2026 को जिले की 15 पंचायतों में आयोजित होने वाले "सबका सम्मान - जीवन आसान" सहयोग शिविर की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बुधवार को काको प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, पिंजौरा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर स्थल की व्यवस्थाओं, प्राप्त आवेदनों की स्थिति तथा विभागीय समन्वय की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजनों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने मुख्य सचिव, बिहार सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पीएचईडी, पंचायती राज, आईसीडीएस, ग्रामीण कार्य विभाग, राशन कार्ड, आवास योजना, मनरेगा एवं श्रम विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही आवेदन संग्रहण एवं अपलोडिंग के लिए दक्ष कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने को कहा।

उन्होंने भवन निर्माण एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिविर स्थल के आसपास ढीले एवं झूलते तारों को तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। पीएचईडी विभाग को 24 घंटे के भीतर पेयजल समस्याओं के समाधान का आदेश दिया गया।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# लू के बढ़ते खतरे के बीच डीएम ने जांची 102 एम्बुलेंस की रफ्तार



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने बुधवार को 102 एम्बुलेंस हेल्पलाइन सेवा की त्वरित प्रतिक्रिया एवं कार्यक्षमता का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्वयं 102 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर कॉलर का नाम एवं सामान्य बीमारी से संबंधित जानकारी साझा की।

कॉल प्राप्त होने के मात्र दो मिनट के भीतर कॉल का सफलतापूर्वक निबंधन कर लिया गया तथा अगले दो मिनट में एम्बुलेंस समाहरणालय परिसर पहुंच गई। मौके पर चालक राजेश कुमार शर्मा एवं इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन उपेन्द्र कुमार मौजूद थे। एम्बुलेंस की त्वरित सेवा एवं तत्परता देखकर जिला पदाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि 102 पर कॉल करते समय आमजन को केवल कॉलर का नाम, मोबाइल नंबर, मरीज से संबंध, मरीज की सामान्य स्थिति, बीमारी संबंधी संक्षिप्त जानकारी तथा सही स्थान बताना होता है। जानकारी मिलते ही कंट्रोल रूम द्वारा नजदीकी उपलब्ध एम्बुलेंस को तुरंत संबंधित स्थान के लिए रवाना कर दिया जाता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि भीषण गर्मी एवं लू के दौरान समय पर इस सेवा का लाभ लें। साथ ही सलाह दी कि लोग बार-बार पानी पीते रहें, सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढककर बाहर निकलें तथा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचें।

आपातकालीन सहायता के लिए जिला आपातकालीन संचालन केंद्र के दूरभाष संख्या 9431805088, 06114-295071, 06114-295072 तथा अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष 06114-223013 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बकरीद को शांतिपूर्ण बनाने हेतु डीएम-एसपी ने थानाध्यक्षों को दिए निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को डीआरसीसी भवन में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान द्वारा संयुक्त रूप से सभी थानाध्यक्षों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार पांडेय सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि बकरीद के अवसर पर शांति एवं आपसी भाईचारा बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्ती, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने को कहा गया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), एडीएम, डीडीसी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घोषी एवं सदर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने आम लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा पर उड़न दस्ता की नजर, किसान कॉलेज का किया निरीक्षण



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)।। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा आयोजित सत्र 2025-29 स्नातक सेमेस्टर-2 की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा गठित उड़न दस्ता दल लगातार जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर रहा है।

उड़न दस्ता दल के सदस्य डॉ० श्याम सुंदर प्रसाद एवं प्रोफेसर रविन्द्र नाथ सिंह ने कई परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दल किसान कॉलेज भी पहुँचा, जहाँ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० दीबांशु कुमार ने परीक्षा व्यवस्था की जानकारी दी और दल के साथ परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन, पारदर्शिता एवं परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। उड़न दस्ता दल ने परीक्षा संचालन को संतोषजनक बताया।

इस अवसर पर डॉ० श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि किसान कॉलेज सहित जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर मनोज कुमार के सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग से परीक्षा संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है, ताकि छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं पारदर्शी परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# डीआरसीसी कर्मी निक्की कुमारी के निधन से शोक, कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। डीआरसीसी लखीसराय में कार्यरत सहकर्मी एसडब्लूओ निक्की कुमारी के असामयिक निधन की खबर से डीआरसीसी परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन से सहकर्मियों एवं कर्मचारियों में गहरा दुःख व्याप्त है।

दिवंगत निक्की कुमारी की आत्मा की शांति के लिए डीआरसीसी नालंदा कार्यालय में कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित कर्मियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

कर्मियों ने बताया कि स्वर्गीय निक्की कुमारी अपने पीछे एक छोटे बच्चे को छोड़ गई हैं। उनके निधन से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सहकर्मियों ने कहा कि शोक संतप्त



परिवार की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

साथ ही सरकार से भी मांग की जाएगी कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके परिवार को कठिन समय में सहारा मिल सके। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कर्मियों ने दिवंगत निक्की कुमारी के सरल स्वभाव एवं कार्यों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास में 55 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल


आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में दस वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस घिनौनी वारदात के बाद से पूरे इलाके के लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में पीड़ित बच्ची के पिता ने कतरीसराय थाने में लिखित आवेदन देकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि गांव का ही 55 वर्षीय राधे राम उनकी दस वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर खंधा (बधार) की तरफ ले गया। वहां सुनसान जगह का फायदा उठाकर वह बच्ची के साथ गंदी हरकत करने लगा।

# बकरीद को लेकर बिहारशरीफ में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू, कई मार्गों पर वाहनों के परिचालन पर रोक

संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। ईद-उल-अजहा (बकरीद) 2026 पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने बिहारशरीफ शहर के लिए विशेष यातायात नियंत्रण योजना लागू की है। प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 28 मई 2026 को सुबह 5 बजे से पर्व समाप्ति तक शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। इस दौरान भारी वाहनों सहित कई मार्गों पर छोटे वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध रहेगा।




प्रशासन ने बताया कि बकरीद के अवसर पर मस्जिदों एवं ईदगाहों में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके तथा विधि व्यवस्था बनी रहे।

जारी आदेश के अनुसार बस, ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप समेत सभी बड़े व्यावसायिक एवं सवारी वाहनों का शहर में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं खंदकपर से महलपर होते हुए मणिराम अखाड़ा तक तीनपहिया एवं चारपहिया वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। सोगरा कॉलेज से नदी मोड़ की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

इसके अलावा कुमार सिनेमा तिराहा से पुलपर चौक, पोस्ट ऑफिस रोड, गांधी मैदान होते हुए भरावपर तक वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। एलिट होटल से सोहसराय चौक होते हुए मोगलकुआं तक तथा कचहरी चौक से नईसराय होते हुए बरादरी मोड़ तक तीनपहिया एवं चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है।यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए प्रशासन ने कई वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए हैं। छोटे वाहन मामू-भगिना मोड़ से अस्पताल चौक होकर शहर में प्रवेश करेंगे। वहीं पचासा मोड़ से रहुई हॉल्ट, शेखाना होते हुए अम्बेडकर मोड़ एवं कचहरी चौक की ओर वाहनों को भेजा जाएगा। देवीसराय, रामचंद्रपुर, मछली मंडी एवं कारगिल चौक से भी वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं।

प्रशासन द्वारा शहर में चार स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाए गए हैं, जिनमें कारगिल बस स्टैंड तीनमुहानी, सोगरा कॉलेज मोड़, बाबा मणिराम अखाड़ा तिनमुहानी एवं पीएमएस कॉलेज के समीप पहाड़पुरा मार्ग शामिल हैं।

वहीं पार्किंग के लिए कारगिल बस स्टैंड, सोगरा कॉलेज मैदान एवं श्रम कल्याण मैदान को चिन्हित किया गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात नियमों का पालन करें तथा प्रशासन का सहयोग करें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# रोटरी सहेली सेंटर में महिलाओं को मिला प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, बढ़ा आत्मनिर्भरता का विश्वास




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रोटरी क्लब तथागत द्वारा संचालित "रोटरी तथागत सहेली सेंटर" में बुधवार को सिलाई-बुनाई, कंप्यूटर एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं एवं बालिकाओं के बीच प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी रहीं, जिन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी सहेली सेंटर के सेटलर डॉ. सुजीत कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत करने से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तनुजा कुमारी ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत महिलाओं एवं बालिकाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से महिलाएँ स्वरोजगार स्थापित कर परिवार एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। है क्लब अध्यक्ष रो परमेश्वर महतो ने कहा कि सहेली सेंटर आज रोटरी क्लब तथागत की पहचान बन चुका है। पूर्वाध्यक्ष एवं सिलाई सेंटर सचिव रोटेरियन डॉ. सुनील कुमार ने प्रशिक्षकों से बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देने की अपील की। वहीं मेंटर एवं पूर्वाध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अविंद कुमार ने कहा कि क्लब समाज के पिछड़े वर्गों तक कौशल विकास की शिक्षा पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

रो अमन कुमार ने कहा कि रोटरी सहेली सेंटर विद्यार्थियों के विकास हेतु लगातार कार्य कर रहा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन अनिल सैनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। सेंटर इंचार्ज हेमलता कुमारी, प्रशिक्षक रिंकू सिन्हा, मुस्कान कुमारी एवं श्वेता कुमारी ने प्रशिक्षण कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में सेंटर इंचार्ज रोटेरियन अमित कुमार ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# निपुण भारत मिशन की समीक्षा में डीएम सख्त, प्रवासी बच्चों के नामांकन पर जोर



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित निपुण भारत मिशन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान भी बच्चों का पठन-पाठन नियमित रूप से जारी रखा जाए। इसके लिए टोला सेवक, शिक्षा सेवक एवं पंचायत स्तर पर विशेष शैक्षणिक अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं गणितीय दक्षता का नियमित मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाए।

समीक्षा के दौरान हिसुआ, नवादा, नरहट एवं अकबरपुर प्रखंडों में भाषा दक्षता 70 प्रतिशत से कम पाए जाने पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को शेष बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर दक्ष बनाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में भूमिहीन एवं भवनहीन विद्यालयों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 8 में से 5 विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है, जबकि शेष विद्यालयों के लिए प्रक्रिया जारी है। जिला पदाधिकारी ने यू-डायस पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड करने का निर्देश दिया।

जिले के 21 विद्यालयों को पीएम श्री योजना के तहत चयनित किए जाने की जानकारी भी दी गई। साथ ही सभी 14 प्रखंडों में एक-एक मॉडल विद्यालय विकसित किए जाएंगे।

आरटीई के तहत 2285 बच्चों को विद्यालय आवंटित किए गए, जिनमें 1646 का नामांकन पूरा हो चुका है। जिला पदाधिकारी ने श्रम विभाग से समन्वय कर ईंट भट्ठों पर कार्यरत प्रवासी परिवारों के बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फॉर्मर आईडी अनिवार्य : बीडीओ



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। पकरीबरावां प्रखंड में किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से फॉर्मर आईडी बनाने का अभियान तेज कर दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने डुमरांवां गांव पहुंचकर किसानों को फॉर्मर आईडी बनाने के लिए प्रेरित किया तथा अधिक से अधिक किसानों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सभी किसानों का फॉर्मर आईडी बनाना आवश्यक है। इसके लिए प्रखंड के सभी पंचायतों में समन्वयक, सलाहकार एवं प्रतिनियुक्त कर्मी डोर-टू-डोर जाकर किसानों का पंजीकरण कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि फॉर्मर आईडी बनने से किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं कृषि संबंधित सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए बीडीओ मृत्युंजय कुमार एवं सीओ निशांत कुमार ने डुमरांवां, पोक्सी, केशोरी सहित कई गांवों का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कर्मियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं किसानों से सहयोग करने की अपील की, ताकि अधिक से अधिक किसानों का फॉर्मर आईडी बनाया जा सके।

मौके पर दिलीप रंजन, हरिकांत शर्मा, पुकुर सिंह, बीटू कुमार, सुबोध कुमार, टुनी कुमार सहित कई किसान उपस्थित थे।

# बकरीद को लेकर धमौल में फ्लैग मार्च, पुलिस ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। बुधवार को पकरीबरावां एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी के नेतृत्व में धमौल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने गुलनी, जम्हड़िया, परड़िया, धरहरा एवं धमौल गांवों का भ्रमण किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से निर्भय होकर आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। साथ ही अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया।एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान एसडीपीओ ने धमौल इमामबाड़ा का भी निरीक्षण किया तथा बकरीद की नमाज के समय एवं तैयारियों की जानकारी थानाध्यक्ष से ली।

उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

फ्लैग मार्च में धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार, शाहपुर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार पांडेय, काशीचक थानाध्यक्ष गौतम कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

# नन्हे कदम संस्थान से बालिका को मिला नया परिवार, दत्तक अभिभावकों को सौंपा गया



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की उपस्थिति में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान “नन्हे कदम”, जहानाबाद में आवासित एक बालिका को प्री-एडॉप्शन फोस्टर केयर के अंतर्गत संभावित दत्तक अभिभावकों को सौंपा गया। दत्तक अभिभावक पश्चिम बंगाल के कूच बिहार से आए थे।

यह पूरी प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दत्तक अभिभावकों से बालिका की समुचित देखभाल, संरक्षण एवं बेहतर पालन-पोषण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।उन्होंने प्रभारी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद को निर्देश दिया कि बालिका के कल्याण, सुरक्षा एवं समग्र विकास को लेकर नियमित फॉलो-अप एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई, बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के समन्वयक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।